# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

### शनिवार, दिनांक 11 जनवरी, 2014 (पौष 21,1935)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10 : 33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. शपथ / प्रतिज्ञान

अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि जिन माननीय सदस्यों ने शपथ नहीं ली है, या प्रतिज्ञान नहीं किया है, वे शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे. तदनुसार 2 माननीय सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान किया गया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये.

### 2. कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक शुक्रवार, दिनांक 10 जनवरी, 2014 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित शासकीय विधेयकों तथा वित्तीय कार्यों पर चर्चा हेतु समय निर्धारित करने की सिफारिश की गई है:-

| क्र. | शासकीय विधेयक / वित्तीय कार्य | आवंटित समय |
|---|---|---|
| (1) | मध्यप्रदेश विधान मण्डल सदस्य निरर्हता निवारण (संशोधन) विधेयक, 2014 (क्रमांक 1 सन् 2014) | 15 मिनट |
| (2) | मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2014 (क्रमांक 2 सन् 2014) | 15 मिनट |
| (3) | वर्ष 2013-2014 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगो पर मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण. | 2 घण्टे |
| (4) | वर्ष 1999-2000 के आधिक्य व्यय के अनुदान की मांगो पर मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण. | 30 मिनट |
| (5) | वर्ष 2000-01 के आधिक्य व्यय के अनुदान की मांगो पर मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण. | 30 मिनट |
| (6) | वर्ष 2002-03 के आधिक्य व्यय के अनुदान की मांगो पर मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण. | 30 मिनट |

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि अभी अध्यक्ष महोदय ने जिस कार्य पर चर्चा के लिए समय निर्धारण करने के संबंध में कार्य मंत्रणा समिति की जो सिफारिशें पढ़ कर सुनाई, उन्हें सदन स्वीकृति देता है.

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

## 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने –

(क) मध्यप्रदेश अधोसंरचना विनिधान निधि बोर्ड का 12वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2012-2013,

(ख) (i) वित्त लेखे, वर्ष 2012-13 (खण्ड-I एवं II), (ii) विनियोग लेखे, वर्ष 2012-13, (iii) भारत के नियंत्रक–महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन सामान्य एवं सामाजिक क्षेत्र (गैर सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम), वर्ष 2011-12 (प्रतिवेदन संख्या-4), (iv) आर्थिक (गैर-सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) क्षेत्र पर भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन, वर्ष 2011-12 (प्रतिवेदन क्रमांक-3), (v) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर भारत के नियंत्रक - महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन (सामान्य, सामाजिक, आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र), वर्ष 2011-12 (प्रतिवेदन क्रमांक-2), (vi) राजस्व क्षेत्र पर भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन, वर्ष 2011-12 (प्रतिवेदन क्रमांक-1), (vii) भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन, वर्ष 2011-12 (राज्य का वित्त) (प्रतिवेदन संख्या-1).

(ग) (i) वित्तीय वर्ष 2012-2013 की द्वितीय छः माही के दौरान बजट से संबंधित आय और व्यय की प्रवृत्तियों का छः माही समीक्षा विवरण, तथा (ii) अनुपालन पुनर्विलोकन रिपोर्ट, अक्टूबर, 2013 पटल पर रखे.

(2) श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे, वित्तीय वर्ष 2010-11 तथा 2011-12 पटल पर रखे.

(3) श्री दीपक कैलाश जोशी, राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2012-13 पटल पर रखा.

(4) श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, वाणिज्य उद्योग और रोजगार मंत्री ने मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमिटेड का छत्तीसवां वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे, वित्तीय वर्ष 2012-13 पटल पर रखे.

(5) डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री ने –

(क) ऊर्जा विभाग की अधिसूचनाएं - (i) क्रमांक 2545-वि.नि.आ.-2013, दिनांक 30 सितम्बर, 2013, (ii) क्रमांक 2707-म.प्र.वि.नि.आ.-2013, दिनांक 11 अक्टूबर, 2013 का शुद्धिपत्र, (iii) क्रमांक 3124-म.प्र.वि.नि.आ.-2013, दिनांक 13 दिसम्बर, 2013, तथा (iv) क्रमांक 2164-म.प्र.वि.नि.आ.-2013, दिनांक 7 अगस्त, 2013,

(ख) मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अंकेक्षित लेखों के प्रतिवेदन, वर्ष 2012-2013,

(ग) मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन, वित्तीय वर्ष 2012-2013,

(घ) (i) मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, भोपाल का वार्षिक प्रतिवेदन,वर्ष 2012-13; तथा (ii) मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड का एकादश वार्षिक प्रतिवेदन, 2012-13 एवं

(ङ) माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2010-11 तथा 2011-12 पटल पर रखे.

(6) श्री रामपाल सिंह, राजस्व मंत्री ने राजस्व विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-12-20-2012-सात-शा.2 ए, दिनांक 29 अगस्त, 2013 पटल पर रखी.

(7) श्री भूपेन्द्र सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने - (i) मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड का अटठाईसवां वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2011-12, तथा (ii) लोक सेवा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-2-13/2012/61/ लोसेप्र / पी.एस.जी.-01, दिनांक 10 अप्रैल, 2013 पटल पर रखी.

(8) श्री लाल सिंह आर्य, राज्यमंत्री सामान्य प्रशासन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 19 के अन्तर्गत उन्नीसवां वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2012 पटल पर रखा.

## 4. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा

दिनांक 9 जनवरी, 2014 को माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत, कृतज्ञता ज्ञापन के निम्नलिखित प्रस्ताव पर श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य ने प्रारम्भिक भाषण दिया :-

"राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं"

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर उनके पास 10 माननीय सदस्यों के संशोधनों की सूचनाएं प्राप्त हुई है. उनमें से जो संशोधन नियमानुसार नहीं थे, उन्हें अग्राह्य किया गया है। तदनुसार, सदन में उपस्थित निम्नलिखित माननीय सदस्यों के संशोधन प्रस्तुत हुए माने गए :-

| क्रमांक | सदस्य का नाम | संशोधन क्रमांक |
|---|---|---|
| (1) | श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा | 1 |
| (2) | श्री उमंग सिंघार | 3 |
| (3) | श्री बलवीर सिंह डण्डौतिया | 5 |
| (4) | श्रीमती शीला त्यागी | 6 |
| (5) | श्री कमलेश्वर पटेल | 10 |

तत्पश्चात् कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव और संशोधनों पर एक साथ प्रारम्भ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भी भाग लिया:-

(2) श्री मुकेश नायक
(3) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया
(4) श्री नारायण त्रिपाठी
(5) श्री विश्वास सारंग
(6) कुंवर विक्रम सिंह
(7) श्री दुर्गालाल विजय

## 5. अध्यक्षीय घोषणा

### विधान सभा सचिवालय परिवार की ओर से स्वागत कार्यक्रम विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि "आज दिनांक 11 जनवरी, 2014 को अपराह्न 1.00 बजे से विधान सभा भवन स्थित आडिटोरियम में विधान सभा सचिवालय परिवार की ओर से माननीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, संसदीय कार्यमंत्री, उपाध्यक्ष महोदय एवं माननीय सदस्यगण का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इस स्वागत कार्यक्रम में सभी सादर आमंत्रित हैं".

**(अपराह्न 1.01 से 2.34 बजे तक अन्तराल)**

## 6. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः)

**उपाध्यक्ष महोदय (डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह) पीठासीन हुए.**

(8) श्री गोविन्द सिंह पटेल
(9) श्री उमंग सिंधार
(10) श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़
(11) श्री जयवर्द्धन सिंह
(12) श्री पुष्पेन्द्र नाथ पाठक
(13) श्री हरदीप सिंह डंग
(14) डॉ. मोहन यादव
(15) श्री सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना'

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

(16) श्री जालम सिंह पटेल
(17) श्री संजय पाठक
(18) श्री यादवेन्द्र सिंह
(19) श्री कमलेश्वर पटेल
(20) श्री जितू पटवारी
(21) श्री रजनीश हरवंश सिंह
(22) श्री निशंक कुमार जैन
(23) श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष

**(चर्चा जारी)**

सदन की कार्यवाही अपराह्न 6.21 बजे, बुधवार, दिनांक 15 जनवरी, 2014 (पौष 25, 1935) के पूर्वाह्न 10:30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भोपाल:**
**दिनांक:- 11 जनवरी, 2014**

**राजकुमार पांडे,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**